तकनीक का इस्तेमाल कर संवारें भविष्य

इंडस्ट्री मीट

जेबीआईटी इंस्टीट्यूट में शनिवार को इंडस्ट्री मीट कार्यक्रम आयोजित किया गया। • हिन्दुस्तान

सेलाकुई संवाददाता। जेबीआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सेलाकुई में शनिवार को इंडस्ट्री एकेडमी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. ओंकार सिंह ने किया। ओंकार सिंह संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन छात्र-छात्राओं के हित में बहुत जरूरी है।

बताया इससे उनको औद्योगिक जगत की विशिष्ट जानकारी प्राप्त होगी। डॉ. राहुल सिंह ने बताया आसज के समय टेक्नॉलॉजी का समय है। बताया कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं। जनमानजस के जीवन में सुधार ला सकतें हैं, इसके बारे में उन्होंने बहुत सारे उदाहरण देकर छात्र-छात्राओं को समझाया और कहा यहां पर अधिकतर पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं साधारण पृष्ठभूमि से आते है। जिनके जीवन में यह सारी बातें काम आयेंगी। कार्यक्रम के अंत में वाइस चेयरमैन संदीप सिघंल ने सभी औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को अंग वस्त्र भेंट किये और उनका ज्ञानवर्धक जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पीके चौधरी, डॉ. एमके अरोड़ा, विशांत कुमार, विकास चमोली मौजूद थे।